लोक परिवहन बस ने तीन बाइक व ऊंट गाड़ी में मारी टक्कर

बयाना/भरतपुर, (निसं)। कस्बे के बीच से निकल रहे स्टेट हाईवे कचहरी कैम्पस के पास बुधवार को सवारियों से भरी लोक परिवहन बस के अचानक बेकाबू हो जाने पर अफरातफरी मच गई। इस बेकाबू बस ने तीन बाइकों व एक ऊंट गाड़ी में टक्कर मार दी, जिससे ऊंट गाड़ी व बाइक सवार आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। वहीं बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। गनीमत यह रही कि बस में सवार यात्री सकुशल बच गए। घायलों को इलाज़ के लिए कस्बे के राजकीय अस्पताल पहुंचाया गया, जिनमें से एक घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भरतपुर रेफर किया गया है, जबकि बस चालक बस को घटनास्थल पर छोड़ भाग गया। सूचना पर मौके पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी बाबूलाल गुर्जर ने मौके पर जमा हुई भीड़ को समझाइश कर स्थिति को सामान्य किया व अवरुद्ध हुए यातायात को सुचारू कराया। कोतवाली प्रभारी बाबूलाल गुर्जर ने बताया कि यह लोक परिवहन की बस हिंडौन से बयाना आ रही थी तभी बस के अचानक ब्रेक फेल हो जाने से बेकाबू हो गई। जिसकी चपेट में आकर कुछ बाइक सवार व ऊंट गाड़ी सवार घायल हो गए थे। फरार बस चालक की तलाश की जा रही है।

ब्रजवाणी साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था का राधाष्टमी पर वार्षिक समारोह हुआ सम्पन्न

कामां (निस)। कामवन के पवित्र विमल कुंड स्थित हरि कृपा आश्रम पर स्वामी हरी चैतन्यपुरी महाराज के पावन सानिध्य में बृजवानी साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था कामवन का वार्षिक समारोह खेमराज खंडेलवाल के मुख्य आथित्य, उमाशंकर शर्मा की अध्यक्षता, प्रहलाद सिंह गुर्जर, शिखर चन्द जैन बड़जात्या, यतेंद्र पाण्डेय भुसावर, सुरेश चतुर्वेदी सुमनेश भरतपुर के आथित्य में आयोजित कर साहित्यकारों व प्रतिभाओं को विभिन्न उपाधियों से सम्मानित किया गया।

संस्था के अध्यक्ष दुलीचंद लोधा के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ तो वहीं पंकज प्रखर द्वारा गणेश वंदना, कैलाश सोनी स्वर्णिम द्वारा मां शारदे वंदना, रामकिशन दुश्मन द्वारा कृष्ण वंदना,सर्वोत्तम त्रिवेदी लघु द्वारा राधा वंदना व कमल सिंह कमल द्वारा ब्रज की वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम का विधिवत आगाज किया गया। मुकुट बिहारी शर्मा माणिक द्वारा स्वागत भाषण से सभी का अभिनंदन किया। 'कामवन कौ स्वर्णिम सिक्का संस्था के मंत्री कमल सिंह के नुसार कार्यक्रम में ष्कामवन कौ स्वर्णिम सिक्का की उपाधि से विशेष उपलब्धियां प्राप्त करने पर शिखर चन्द संजय मनोज नीरज जैन बड़जात्या परिवार के सहयोग से बीना वर्मा पूर्व शिक्षा निदेशक शिक्षा विभाग, लेखक व चिंतक डॉ प्रीति संजय शर्मा कामां हाल निवासी झालावाड़, सम्पूर्ण भारत मे सीए परीक्षा में प्रथम मधुर जैन जुरहरा को सम्मानित किया गया तो मधुर जैन की तरफ से उनके चाचा हेमराज जैन ने सम्मान ग्रहण किया। कामवन भास्कर से संजय बड़जात्या हुए समान्नित' कार्यक्रम के दौरान आचार्य सुनील सागर महाराज के सानिध्य में 28 फरवरी से 4 मार्च तक भव्य पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव कामवन नगरी में आयोजित कराने में अभूतपूर्व भूमिका निर्वहन हेतु एवं सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट कार्य के लिए संजय जैन बड़जात्या को कामवन भास्कर की उपाधि से अलंकृत किया गया। समारोह में नेमचंद खंडेलवाल को ईमानदार ह्रदेयश की उपाधि प्रदान की गई तो वहीं ब्रजभाषा रत्न की उपाधि से प्रकाश चंद पाराशर व जगतार सिंह खान सूरजापुर, सोहनलाल शर्मा डीग, हरिओम शर्मा नगर, गोविंद भारद्वाज पैगाम वाले पलवल,वेद प्रकाश वेद को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वामी हरी चैतन्यपुरी महाराज ने कहा की कामवन की धरा पर ब्रज के साहित्यकारों को संरक्षित, सवंर्धित एवं अग्रसर करने का कार्य बृजवानी संस्था द्वारा बखूबी किया जा रहा है। संचालन शीशराम गोला, संजय जैन बड़जात्या द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साहित्यकार, कवि गण के साथ-साथ अपना घर सेवा समिति, जायंट्स ग्रुप आफ कॉमवन,चामड़ मंदिर समिति, कामवन जीव सेवा संस्थान के सदस्य व पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

आर्थिक तंगी से परेशान होकर युवक ने सुसाइड किया

हिंडौन सिटी, (निसं)। सूरौठ थाना क्षेत्र के आलावाड़ा स्थित एक पुरा निवासी मजदूर ने मंगलवार रात को आर्थिक तंगी से परेशान होकर फांसी का फंदा लगा लिया। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बुधवार को शव का पोस्टमॉर्टम कराया।

सूरौठ थाना के एएसआई रामनिवास ने बताया कि मृतक आलावाड़ा निवासी हरिओम जाटव (48) पुत्र काडया है। उन्होंने बताया कि मंगलवार रात करीब 11:30 बजे सूचना मिली कि एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, जिसके बाद सूरौठ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। वहां फांसी पर लटके हुए शव को ग्रामीणों की मदद से नीचे उतारा गया। पुलिस शव लेकर रात को जिला अस्पताल पहुंची। पुलिस के अनुसार मृतक के पिता ने इस मामले में पुलिस को रिपोर्ट दी है, जिसमें बताया कि उसके पुत्र हरिओम जाटव ने आर्थिक तंगी व कर्ज से परेशान होकर फांसी लगा आत्महत्या की है। घटना के दौरान मृतक की पत्नी व परिवार वाले गांव में नहीं थे। उन्हें रात को जैसे ही घटना की जानकारी मिली, तो मृतक का परिवार गांव पहुंच गया। पोस्टमॉर्टम कार्रवाई के दौरान काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। परिजनों ने बताया कि मृतक फर्नीचर का कार्य करता था। उसके दो पुत्र व सबसे बड़ी पुत्री है।

सार-समाचार

दो बैचों का शुभारंभ

भरतपुर (निस)। भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) लखनऊ और सोशल वेलफेयर एंड रिसर्च ग्रुप स्वर्ग के संयुक्त तत्वाधान में मथुरा जिले के गोवर्धन ब्लॉक के गांव बछगांव में आजीविका आउटरीच कार्यक्रम के अंतर्गत दो बैचों का आधिकारिक रूप से शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक सिडबी आगरा के असिस्टेंट मैनेजर अविनाश झा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में केनरा बैंक बछगांव के प्रबंधक और अधिकारी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सोशल वेलफेयर एंड रिसर्च ग्रुप स्वर्ग के प्रबंधक बलबीर सिंह ने बताया के इस कार्यक्रम में 25 25 महिलाओं के दो समूह को 30 दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्राम पंचायत स्तर पर ही आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में एक समूह को गाय के गोबर से लगभग 150 प्रकार के उत्पाद बनाना सिखाया जाएगा और दूसरे समूह को एलईडी बल्ब की असेंबलिंग करना सिखाया जाएगा। स्वर्ग संस्था के प्रबंधक बलबीर सिंह ने बताया कि संस्था आगरा और मथुरा दोनों जिलों में इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रही है। जिससे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा सके। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने गाय के गोबर से महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों को देखकर उनकी सराहना की। इस कार्यक्रम में संस्था सदस्य प्रविंद्र, देवेंद्र और लगभग 100 महिलाएं उपस्थित रहे।

अनियंत्रित होकर किसान बुग्गा पलटा

करौली, (निसं)। करौली में पांचना बांध के समीप सेंगरपुरा मोड़ पर अनियंत्रित होकर एक किसान बुग्गा पलट गया। किसान बुग्गा के पलटने से एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए करौली अस्पताल लाया गया है, जहां सभी घायलों का उपचार चल रहा है। घायल मठ गुर्जा गांव से कैलादेवी मंदिर दर्शन करने जा रहे थे। करौली हॉस्पिटल पीएमओ डॉक्टर रामकेश मीणा ने बताया कि मठ गुर्जा निवासी कुछ लोग एक किसान बुग्गा में सवार होकर कैला देवी दर्शन करने जा रहे थे। इस दौरान पांचना बांध के पास जैसे ही किसान बुग्गा सेंगर पुरा रोड से पांचना बांध के तीखे मोड़ और चढ़ाई पर चढ़ा, अचानक से अनियंत्रित होकर पलट गया। किसान बुग्गा पलटने से करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए करौली अस्पताल लाया गया। जहां से लक्ष्मण पुत्र बत्तू को गंभीर अवस्था में जयपुर रैफर किया है, जबकि शेष आठ लोगों का उपचार चल रहा है। घायलों में रामरूप पुत्र सूरज निवासी मठ गुर्जा, मनीराम पुत्र रामजीलाल, लक्ष्मण पुत्र बत्तू प्रजापत, शिवराज पुत्र रामरूप, भूरा पुत्र हरदयाल प्रजापत, विजय पुत्र भूरा, अमरसिंह पुत्र साधू, उदय पुत्र साधू और मिथिला पुत्री राम सिंह निवासी मठ गुर्जा शामिल है।

अपराधी को किया गिरफ्तार

रूपवास। थाना पुलिस ने अवैध हथियार रखने व रेलवे का सामान चोरी करने के मामले में 9 साल से वांछित स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी लखन खटाना ने बताया कि सुल्तान पुत्र आसीन जाति मुसलमान उम्र 25 साल निवासी मांगर थाना सूरजकुंड जिला फरीदाबाद हाल श्रीनगर को गिरफ्तार किया है।

अधिकारियों के साथ लेंगे समीक्षा बैठक

भरतपुर (निस)। जल संसाधन मंत्री एवं जिला प्रभारी सुरेश सिंह रावत 12 सितम्बर को एक दिवसीय दौरे भरतपुर पहुंचेंगे तथा दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में भाग लेंगे।

जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने बताया कि बैठक में बजट घोषणाओं के तहत कराये जाने वाले कार्यों के लिए भूमि आवंटन की समीक्षा, वर्षा एवं अतिवृष्टि के कारण क्षितग्रस्त सड़कों, स्कूलों एवं अस्पतालों की मरम्मत के प्रस्ताव जिले द्वारा तैयार कर राज्य स्तर पर स्वीकृति हेतु प्रेषित किये जाने की स्थिति की समीक्षा करेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में एनिकट, नहरों एवं अन्य सरकारी सम्पत्तियों की मरम्मत के लिए प्रस्ताव जिले द्वारा तैयार कर राज्य स्तर पर स्वीकृति हेतु प्रेषित किये जाने की स्थिति की समीक्षा, वर्षा के कारण खराब हुई फसलों की गिरदावरी की स्थिति की समीक्षा की जायेगी।

दो प्रोफेसरो का पदस्थापन किया

भुसावर (निस)। कृषि महाविद्यालय भुसावर पर श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विष्वविद्यालय जोबनेर के कुलपति प्रोफेसर बलराज सिंह ने पदोन्नित पर दो प्रोफेसरो का पदस्थापन किया है। महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने बताया कि डॉ. बी. एल. जाखड, कीट विज्ञान तथा डॉ. ओ. पी. मीना, शस्य विज्ञान के प्रोफेसर ने बुधवार को जॉइनिग किया। ये दोनों ही पद रिक्त थे जिससे विद्यार्थियो की पढाई नही चल पा रही थी। भुसावर कृषि महाविद्यालय के डॉ. राहुल कुमार की पदोन्नित सहायक प्रोफेसर स्टेज द्वितीय पर हुयी है।

पाँचना पानी बँटबारे का मुद्दा पकड़ने लगा जोर, मिटिंग की तैयारियां जोरों पर

भरतपुर (निस)। पाँचना पानी के बँटबारे की माँग को लेकर भरतपुर में 14 सितम्बर को होने बाली मिटिंग की तैयारियो को लेकर पूर्व सांसद पंडित रामकिशन ने दूरभाष पर पूर्व मंत्री विश्वेन्द्र सिंह, ग्रह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गिरिराज प्रसाद तिवाड़ी, पूर्व मंत्री विधायक सुभाष गर्ग, विधायक शैलेश कुमार, विधायक बहादुर सिंह कोली, ऋतु बनावत को बैठक में शामिल लेने का दिया न्यौता।



किसान नेता इन्दल सिंह जाट ने बताया कि पानी सभी की जरूरत है और हम सभी राजनैतिक पार्टियों से ऊपर उठकर सभी मिलकर इस पानी की माँग को उठायेगे। जबकि पूर्व सांसद पंडित रामकिशन ने कहा है कि भरतपुर और डीग जिले में पानी सभी लोगों की बड़ी जरूरत है, बगैर सिंचाई पानी के खेती बर्बाद होती जा रही है। जिले की बाणगंगा नदी श् रुपारेल भी सूखी पड़ी हुई है। पूर्व सांसद पंडित रामकिशन ने भरतपुर राज परिवार के काका रघुराज सिंह, भरतपुर के मेयर अभिजीत कुमार, डिप्टी मेयर, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज भारद्धाज, गिरधारी तिवाड़ी, संतोष फौजदार, लोकदल जिलाध्यक्ष, कामरेड नत्थीलाल शर्मा सहित विभिन्न प्रमुख व्यक्तियों को बैठक में आमंत्रित किया। जबकि विभिन्न संगठनों से जुड़े अन्य नेताओं ने अलग अलग क्षेत्रों में लोगों से जनसम्पर्क के कार्य को और तेज कर दिया गया है।

वही समृद्ध भारत अभियान के सीताराम गुप्ता, किसान नेता इन्दल सिंह जाट, गुर्जर आरक्षण के नेता भूरा भगत, इन्द्रजीत भारद्वाज उर्फ भूरा सहित अनेक प्रमुख नेताओं ने अलग अलग संस्थाओ, संगठनों से जुड़े लोगों से सम्पर्क किया।

पाँचना पानी बँटबारे की माँग को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक 14 सितम्बर को भरतपुर के खिन्नी घाट स्थित खन्डेलवाल धर्मशाला में प्रात:11 बजे आरम्भ होगी।

बैठक आज

करौली (नि.स.)। मुख्य कार्यकारी अधिकारी उदयभानू चारण ने बताया कि भारत निर्माण राजीव गांधी जनसुविधा केन्द्र,जिला परिषद सभागार कक्ष में जिला प्रमुख महोदया की अध्यक्षता में 12 सितम्बर को दोपहर 12:30 बजे से साधारण सभा की बैठक की जायेगी।

उन्होने संबंधित अधिकारियों गत बैठक में दिये गये निर्देशों की अनुपालना व नवीन प्रगति रिपोर्ट के साथ समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिये।

राष्ट्रीय लोक अदालत की बैठक

रूपवास । राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भरतपुर के निर्देशन में न्यायिक मजिस्ट्रेट ऋषि गुप्ता अध्यक्ष ताल्लुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्षता में बैठक हुई।

जिसमें 28 सितम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु बैंक/बीमा विभाग के अधिकारीगण व वकीलो के साथ मीटिंग का आयोजन किया गया।

न्यायिक मजिस्ट्रेट ऋषि गुप्ता ने उपस्थित अधिकारीगण व वकीको को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रि-लिटीगेशन के प्रकरणों में नोटिस जारी करने, उनमें प्री-काउंसलिंग करवाकर अत्यधिक संख्या में प्रकरणों के निस्तारण हेतु दिशा निर्देश जारी किए। वही अधिवक्ताओं ने भी लोक अदालत में अधिक से अधिक मुकदमो का निस्तारण कराने की बात कही।

न्यायालय अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रमांक-1, हिण्डौन सिटी

नोटिस हर खास व आम

रामदास आदि बनाम हरखास आम

प्रार्थना पत्र बावत जारी किये जाने उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र (मु.न. cm-20/2024)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रामदास पुत्र रामसहाय, जाति जाटव, निवासी आरेनिया का पुरा तहसील हिण्डौन सिटी वगै. ने इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी माता श्रीमती कंचनिया पुत्री लहसनिया पत्नी रामसहाय, निवासी आरेनिया का पुरा, हिण्डौन सिटी जिला करौली की सम्पत्ति खाता संख्या 6 ग्राम हाथीपुरा, तहसील व जिला करौली (राज.) व खाता संख्या 12 ग्राम हजारीपुरा, तहसील व जिला करौली (राज.) का नामांतकरण विरासत के आधार पर खुलवाने के सम्बंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए आवेदन किया है।

लिहाजा जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त प्रार्थना पत्र के स्वीकार करने में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी उपस्थिति इस न्यायालय में 4.10.2024 को समय 10AM बजे असालतन या वकालतन उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दे, वरना गुजरने म्याद उक्त दिनांक के बाद कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं प्रार्थना पत्र एक तरफा में सुनकर फैसला कर दिया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से आज दिनांक 8/8/2024 को जारी किया गया।

(मुहर) D1048 8.8.24

आज्ञा से

अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रमांक 1 हिण्डौन सिटी

प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन होगा

भतरपुर (निस)। 15 सितम्बर को आलोक संघ की ओर से यूआईटी ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय अधिवेशन, राष्ट्रीय चुनाव एवं प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन होगा। इस आयोजन को लेकर बुधवार को आलोक संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्याम सिंह लोधा ने प्रेस वार्ता में बताया कि 15 सितम्बर को आलोक संघ की ओर से यूआईटी ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय अधिवेशन राष्ट्रीय चुनाव एवं प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन होगा। उससे एक दिन पहले गोविन्द रिसोर्ट में प्रदेश स्तरीय चुनाव व अधिवेशन आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि इस बार प्रतिभा सम्मान समारोह एवं राष्ट्रीय अधिवेशन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतिभा सम्मान समारोह एवं राष्ट्रीय अधिवेशन में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, डीग कुम्हेर विधायक डॉ शैलेष सिंह, मनोहर थाना झालावाड विधायक गोविन्द रानीपुरिया, पूर्व केबिनेट मंत्री विश्वेन्द्र सिंह, भरतपुर विधायक डॉ सुभाष गर्ग, पूर्व विधायक विजय बंसल, एमपी के पिछोर विधायक प्रीतम सिह लोधी के साथ साथ यूपी एवं एमपी के विधायक व एमपी अतिथि होंगे। आलोक संस्थापक लोकेश लिल्हारे जीएसटी कमिश्नर जबलपुर, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदास सेवानिवृत आईआरएस, कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष दिगपाल सिंह एवं प्रदेश अध्यक्ष श्याम सिंह लोधा के निर्देशन में कार्यक्रम का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि प्रतिभा सम्मान समारोह में बोर्ड परीक्षाओं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले प्रतिभावान छात्र छात्राओं के साथ ही विशिष्ट उपलब्धि हासिल करने वाली प्रतिभाओं का भी सम्मान होगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रदेश के साथ साथ अन्य प्रदेशों से भी भारी संख्या में समाज के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

ट्रोला की टक्कर में बच्चा समेत दंपती घायल

भरतपुर (निस)। भुसावर थाना क्षेत्र में ट्रोला की टक्कर में बच्चा समेत दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को हाई वे पुलिस ने इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक्सीडेंट में गंभीर रूप से घायल भुसावर के तरगवा निवासी अभय की हालत बताई जा रही है बेहद गंभीर। प्राप्त जानकारी के अनुसार भुसावर थाना क्षेत्र के गांव तरगवा निवासी अभय अपनी पुत्री गौरवी को इलाज के लिए बाइक से पत्नी के साथ जयपुर गया था। वहां बच्ची को दिखाकर दंपति अपने गांव को लौट रहे थे तभी छोंकरवाडा के पास मोड़ पर अभय की बाइक को एक डंपर चालक ने पीछे से टक्कर मार दी।

लाखों रुपए की नगदी सहित सोने-चांदी के आभूषण चोरी

नदबई, (निसं)। नदबई ग्रामीण क्षेत्र के गांव खेड़िया जगा में दो अलग-अलग जगह से चो। नगदी सहित लाखों रुपए के आभूषण लेकर फरार हो गए। पुलिस ने मौके पर जांच कर अज्ञात चोर का सुराग लगाने का प्रयास किया, लेकिन कोई पुलिस को कोई सफलता नहीं मिली।पुलिस सूत्रों के अनुसार खेड़िया जगा निवासी संतोष सिंह पुत्र इंदल सिंह अपनी मौसी के यहां गर्मी में गया। जबकि, अन्य परिजन दूसरे कमरें में सो रहे। इसी दौरान अज्ञात चोर कमरे का ताला तोड़कर अलमारी में रखे करीब 65 हजार नगदी सहित सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गया। वहीं पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र सुगन सिंह के मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर करीब 62 हजार नगदी सहित सोने-चांदी के आभूषण व अन्य घरेलू सामान चोरी कर ले गया जबकि, गांव घेरा निवासी पीडित मोहनसिंह पुत्र कमलसिंह अपने परिजनों के साथ नोहरे में सो रहा। इसी दौरान अज्ञात चोर कमरे का ताला तोड़कर अलमारी में रखे करीब 17200 नगदी सहित सोने-चांदी के आभूषण व अन्य घरेलू सामान चोरी कर फरार हो गया। तड़के करीब पांच बजे नोहरे से कमरे में पहुंचने पर पीड़ित ने कमरे में रखा सामान बिखरा व अलमारी में रखी नगदी सहित सोने-चांदी के आभूषण व अन्य कीमती सामान गायब देख पुलिस को सूचना दी।

बोलेरो और लोडिंग टेंपो में भिड़ंत, एक की मौत

करौली, (निसं)। करौली-सरमथुरा मार्ग स्थित एनएच-23 कोंडर मोड़ टोल प्लाजा के पास एक बोलेरो और लोडिंग टेंपो में भिड़ंत हो गई। दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि टेंपो और बोलेरो में सवार 14 से अधिक लोग घायल हो गए, जबकि एक तीन वर्षीय बालक की मौत हो गई। दो को गंभीर अवस्था में जयपुर रैफर कर दिया, जबकि शेष घायलों को उपचार के लिए करौली अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही करौली सदर और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटना की जानकारी ली। सभी घायलों का करौली अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

करौली हॉस्पिटल पीएमओ डॉ. रामकेश मीणा ने बताया कि पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एक लोडिंग टेंपो धौलपुर से कैला देवी की ओर जा रहा था, जबकि बोलेरो करौली से सरमथुरा की ओर जा रही थी। इस दौरान कोंडर मोड़ के पास टोल नाके से आगे लोडिंग टेंपो और बोलेरो में भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में 14 लोग घायल हो गए, जबकि एक बालक की मौत हो गई और दो को गंभीर अवस्था में जयपुर रैफर किया है। दुर्घटना में काजल पत्नी उमाशंकर कुशवाहा निवासी कटरा अड्डा थाना मनियां, राजवती पत्नी मनोज निवासी मनियां, उमाशंकर पुत्र बनवारी निवासी मनियां, रिंकू पुत्र सिद्धार्थ निवासी मनियां, हिम्मत पुत्र बनवारी निवासी मनियां, शीला पत्नी बनवारी निवासी मनियां, सुक्कन पुत्र ज्वाला सिंह निवासी सैया उत्तर प्रदेश, प्रीति पत्नी सुक्कन निवासी सैंया उत्तर प्रदेश, अजय पुत्र माता प्रसाद सैंया उत्तर प्रदेश, मदन कृष्ण पुत्र लखन लाल गोयल निवासी सरमथुरा, पवन पुत्र बद्री भाऊआपुरा मासलपुर और हेमेंद्र पुत्र केदार व्यास निवासी चांदपुरा सरमथुरा घायल हुए हैं, जबकि पीयूष (3) पुत्र उमाशंकर की मौत हो गई।

प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन आज

करौली (नि.स.)। भारत विकास परिषद् शाखा करौली द्वारा भारत को जानो प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन आज गुरुवार को किया जाएगा।

परिषद् के प्रकल्प प्रभारी गोविन्द प्रसाद शर्मा ने बताया कि स्कूली विद्यार्थियो में भारतीय कला, संस्कृति, इतिहास, भूगोल, स्वतंत्रता संग्राम व सामान्य ज्ञान आदि के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए जूनियर तथा सीनियर वर्ग में लिखित परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। सचिव कमलाकांत शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता के प्रथम चरण में करौली के 16 विद्यालयों के लगभग एक हजार विद्यार्थी भाग लेंगे। विद्यालय स्तर पर विजेता व उप विजेता रहने वाले दो-दो विद्यार्थी द्वितीय चरण में होने वाली क्विज प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

राष्ट्रीय लोक दल के स्थापना दिवस पर आयोजित हुआ समारोह



राष्ट्रीय लोक दल के स्थापना दिवस पर रणजीत नगर स्थित कार्यक्रम आयोजित किया गया।

भरतपुर (निस)। राष्ट्रीय लोक दल के स्थापना दिवस पर बुधवार को पूर्व मंत्री व वर्तमान विधायक डॉ. सुभाष गर्ग के मुख्य अतिथ्य में रणजीत नगर स्थित कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रालोदा के जिलाध्यक्ष संतोष फौजदार ने की। स्थापना दिवस के अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री, किसान नेता एवं आरएलडी के संस्थापक स्व. चौधरी चरण सिंह एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. चौ. अजीत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया।

इस दौरान डॉ. गर्ग ने स्व. चौधरी द्वारा किसानों के लिए चलाई गई विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डालते हुये देश व पार्टी हित में किये गये कार्यों को याद किया।

उन्होंने केन्द्र सरकार में कौशल विकास एवं उद्यिमता मंत्री जयंत चौधरी द्वारा किसानों, कामगारों, मजदूरों, व्यापारी, दूकानदारों, गरीबों, युवाओं के लिये चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया।

इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि सतीश सोगरवार, सुरेश पाल सिंह, बिजेन्द्र चीमा, विनोद गुप्ता, राधेश्याम मडरपुर, सुरेश मदेरणा, सरपंच रणधीर सिंह, रवि मुरवारा, बच्चू सिंह, नेमसिंह, राजाराम, दिलीप सिंह तेरहिया, मुंशी पहलवान, दिनेश सिंह, देवेन्द्र सिंह, सचिन सूरौता, तेजपाल पीपला, भूरा धौरमुई, सुनील गुप्ता, मुनेश, दीवान सिंह, खुशी, नरेन्द्र चौधरी, मानसिंह, विजय सिंह, सत्यवीर सिंह, बबूल खैमरा, राकेश गोयनका, ओमप्रकाश हथैनी, राजवीर सोलंकी, भीम सिंह, शेरसिंह, डॉ. लोकपाल, बदले, विक्रम सिंह, शैलेन्द्र सिंह, पुष्पेन्द्र नौगाया, कुलदीप, रामकुमार, कुक्कू बरेला, मिटठन सिंह, लोकेन्द्र सिंह, गजेन्द्र सिंह, जगवीर मलाह, नेत्रपाल सिंह, भोज सिंह, प्रताप जघीना, मनीष अग्रवाल के अलावा अन्य कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि शामिल हुये।

कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, धौलपुर

जिला परिषद् के पीछे, बाडी रोड़ धौलपुर-328001 दुरभाष 05642-220783, email-deo.dholpur.excise@rajasthanm.gov.in

क्रमांक:-आब/वाहन/नीलामी/2024-25/193 **सार्वजानिक सूचना** दिनांक:-28.08.2024

राजस्थान आबकरी अधिनियम 1950 की धारा 69(4) के तहत मदिरा के अवैध परिवहन में प्रयुक्त वाहन आबकारी जिला धौलपुर में निम्नांकित है। विवरण 69(4)की रिपोर्ट अनुसार है:-

क्र. सं	स्थान	अभीयोग संख्या	वाहन नम्बर	वाहन का प्रकार	इंजन न.-	चैंसिस न.	वाहन स्वामी का नाम व पता-
1	पुलिस थाना कोतवाली धौलपुर	244/21	UP83-G-0195	महिन्द्रा जीप	GG71F50040	71F33667	श्री राजेन्द्र कुमार गौर पुत्र श्री गिरधारी शर्मा निवासी गोढारा जिला दौसा
2		301/21	MH47-AN-5604	हुण्डई कार	D3FAMZ03 275	MALA74 1DLGM22 1448	श्री दीपक बालकिशन कान्दिवली, ईस्ट मुम्बई
3		701/21	MP07-E-5747	मारूति कार 800	2070212	1477812	ध्रुव सिंह पुत्र श्री दामोदार निवासी मुरैना जिला गवालियर

उक्त जप्त वाहनों के पंजीकृत स्वामी अथवा हितधारक दिनांक 17.09.204 से पूर्व श्रीमान अतिरिक्त आबकारी आयुक्त, आबकारी जोन भरतपुर के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा वाहनों को राजसात कर नीलामी कार्यवाही की जावेगी। सूचित रहे।

DIPR/C/8597/2024 जिला आबकारी अधिकारी, धौलपुर

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला करौली (राज.)

क्रमांक:-व-15( )सामा./घोडा/2023-24/117- 15-40 दिनांक: 11.09.2024

खुली निविदा सूचना

जिला पुलिस करौली के घुडसवार शाखा पुलिस लाईन करौली के सरकारी घोडो 06 हेतु सूखा घास 120 क्विंटल (वर्ष 2024-25 के लिए) क्रय करने के लिए एक वर्ष की अवधि के लिये दरें अनुमोदित किये जाने हेतु निविदाऐं आमंत्रित की गई है। निविदाऐं दिनांक 23.09.2024 को 2.00 PM तक स्वीकार की जा कर उसी दिनांक 23.09.2024 को 3.00 बजे समस्त निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी।

क्र.सं.	नाम सामान/कार्य का विवरण	अनुमानित राशि	अमानत राशि	निविदा फार्म शुल्क	निविदा खोलने की तिथि
1	सूखा घास	2,50,000	5,000/-	200/-	23.09.2024

शर्तें:-

1. निविदा फार्म व शर्तें दिनांक 23.09.2024 तक कार्यालय समय में 01.00 पी.एम. तक 200/- रूपये का डी.डी./नकद/पोस्टल आर्डर जमा करवाकर कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है।
2. सभी दरें समस्त प्रकार के करों सहित होनी चाहिए।
3. सशर्त निविदाऐं स्वीकार नहीं की जावेगी।
4. सूखा घास की आपूर्ति पुलिस लाईन करौली में करनी होगी।
5. निविदा दाता फर्म रजिस्टर्ड होना अनिवार्य हैं।
6. मांग के अनुसार नियत समय पर सूखा घास की पूर्ति की जावेगी।
7. सूखा घास की गुणवत्ता उच्च कोटि की होगी जिसकी जांच करवायी जाकर एवं इस कार्यालय द्वारा गठित कमेटी द्वारा गुणवत्ता एवं मापतौल की रिपोर्ट के आधार पर राशि का भुगतान किया जावेगा।

जिला पुलिस अधीक्षक करौली